# प्रेस नोट–जनपद मुजफ्फरनगर
# दिनांक– 23.08.2025

- **थाना भोपा एवं एसटीएफ नोएडा यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा हत्या के अभियोग में 16 वर्षो से फरार/वांछित व 40–40 हजार रूपयों के इनामी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार–**
  दिनांक 22.08.2025 को प्र0नि0 श्री ओमप्रकाश सिंह थाना भोपा एवं उ0नि0 श्री अक्षय पीके त्यागी एसटीएफ मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 660/2019 धारा 147,148,149,307,302,120बी भादवि व मु0अ0सं0 229/2010 धारा 147,148,149,302,120बी भादवि में वांछित अभियुक्तगण 1. धीरज राठी पुत्र श्री ऋषिपाल व 2. नीरज राठी पुत्र श्री ऋषिपाल निवासीगण ग्राम भोपा थाना भोपा, मुजफ्फरनगर को सानन्द, अहमदाबाद, गुजरात व प्रतापनगर जयपुर राजस्थान से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना भोपा पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 23.08.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री राहुल कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 236/25 धारा 137(2),87,65(1) बीएनएस व 3/4 पोक्सो अधिनियम में वांछित अभियुक्त अबुबकर पुत्र आबिद निवासी ग्राम पलडी थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को सोरम गेट बस स्टैण्ड से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 चोर अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 23.08.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री अमित कुमार शर्मा मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 240/25 धारा 305ए,317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 साइकिल बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 23.08.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री प्रवीन कुमार शर्मा मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 2005/18 धारा 60,72 आबकारी अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त संजीव कुमार उर्फ अन्जु पुत्र होइया निवासी ग्राम हरसौली थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मस्कन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 23.08.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री विकास सिंघल मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 7027/9/11 धारा 354,452,504,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त जाहिद पुत्र नूर मौहम्मद निवासी खालसा पट्टी ग्राम सुजडू थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मस्कन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा वाहन चोरी के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 02 अंतर जनपदीय शातिर वाहन चार अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार –**

  दिनांक 23.08.2025 को सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री प्रशान्त गिरि मय हमराहीगण मु0अ0सं0 202/25 व 205/25 धारा– 303(2),317(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 205/25 धारा –303(2),317(2), बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1.अंश पुत्र दिनेश कुमार निवासी तहलेडी चुंगी के पास जौलक वाले रास्ते पर कस्बा व थाना देवबद, सहारनपुर व 2. रितिक पुत्र कुलदीप निवासी बाल्मिकि मौहल्ला चौकी क्षेत्र मुकरबा, कस्बा व थाना देवबन्द, सहारनपुर को रेलवे प्लेटफार्म मॉल रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 05 स्पलेण्डर मोटर साईकिल, 350 रूपये नगद बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 207/25 धारा 317(4),317(5),345 बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।